**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आदमखोर गुलदार का पता लगाने में वन महकमा फेल

**खबर का असर**

## ग्रमीणों व सैर पर निकलने वाले रोज गुलदार दिखने से हुए भयभीत



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। नगर से लगे क्षेत्र में अब तक वन महकमें की टीम व शिकारी दल जिले व आसपास के नजदीक के गांवों में सक्रिय हुए गुलदार को पकड़ने में अब तक फेल साबित हो रही है। बता दें कि जिले में सैर के लिए निकलने वाले स्थानीय लोगों व ग्रमीणों को जहां गुलदार की चहलकदमी रोजाना दिखाई दे रही है। ऐसे हालातों में वन महकमें व शिकारी दल को अब तक गुलदार की सक्रयिता कही भी देखने को नही मिल रही है। यह दावा वन महकमा कर रहा है।

सूचना के मुताबिक आदमखोर गुलदार का पता लगाने में वन महकमें की टीम अब तक नाकाम साबित होते दिख रहे है। जहां एक ओर वन महकमें व शिकारी दल की टीम गुलदार के लिए पिछले चार रोज से स्थानीय सटे गांवों में पौण,पपदेव,ढुंगा व अन्य गांवो में गुलदार की तलाश में लगा हुआ है। वही गुलदार द्वारा अब वहां पर कोई भी मुवमेंट होने की गतिविधि नजर नही आ रही है। बीते रविवार की सांय को सैर पर निकले कुछ नगर के लोगों को वरदानी माता के पास गुलदार घास में छुपा नजर आया वे लोग डर के मारे अपने घरों को लौट आये। वही लोगों ने वन महकमें से इस जगह पर गश्त बढ़ाने की मांग कर डाली है। वन महकमें व शिकारी दल की टीम को गुलदार अब छकाने में तुला हुआ है।

इस बारे में वन रेंजर दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि गुलदार के आठ किमी के दायरे में घूमने की पुष्टि हो रही है। अब तक वन महकमें द्वारा चंडाक व पपदेवव पौण व जेल रोड क्षेत्र में तीन स्थानों पर पिंजरे लगा दिये है। वही अब तक गुलदार वन महकमें की टीम की पकड़ में अब तक नही आ सका है। हमारी टीम गश्त में लगी हुई है।

## न्यूज डायरी :

### नेपाल सीमा अब पंद्रह नवंबर तक हुई सील

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पड़ोसी देश नेपाल के दार्चुला में बीते रविवार को एक साथ पचास से भी ज्यादा कोरोना पाजीटिव मिलने के बाद नेपाल सीमा अब आगामी पंद्रह नंवबर तक सील कर दी गई है। बता दें कि भारत नेपाल सीमा पर बाते दो दिन पूर्व जब दो दिन के लिए खोली गई थी तो उसके बाद से नेपाल के दार्चुला में काफी संख्या में कोरोना पाजिटिव केस मिलने पर हड़कंप मच गया। वही अब भारत नेपाल सीमा पर सेना की तैनाती कर दी गई है। नेपाल के दार्चुला प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक अब भारत नेपाल सीमा पर बने पुलों को आगामी पंद्रह नंवमबर तक सील कर दिया गया है।

### वन विभाग की टीम नहीं पहुंची तो युवक ने खुद पकड़ा अजगर

**संवाददाता** रुड़की। केल्हनपुर गांव स्थित एक खेत में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। जब वन विभाग की टीम घंटों तक नहीं पहुंची तो युवक ने खुद ही अजगर पकड़ लिया। रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के केल्हनपुर गांव में एक ग्रामीण के खेत में सोमवार सुबह अजगर दिखाई दिया। खेत से होकर जा रहे कुछ ग्रामीणों की नजर अजगर पर गई तो वह दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। आरोप है कि एक घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद जब वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची तो गांव के ही युवक मोहम्मद रफी ने अजगर को खुद ही पकड़ लिया। रुड़की वन रेंज के रेंजर मयंक गर्ग ने बताया कि अजगर को जंगल में छोड़ा गया है। इससे करीब दो माह पूर्व भी मोहम्मद रफी ने केल्हनपुर गांव में मगरमच्छ को पकड़ा था।

### एयरटेल ने भारतीय क्लाउड संचार बाजार में एयरटेल आईक्यू के साथ प्रवेश किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एयरटेल आईक्यू की लांचिंग के साथ तेजी से बढ़ते क्लाउड संचार बाजार में कदम रखा। एक क्लाउड आधारित ओम्नी–चौनल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एयरटेल आईक्यू से ब्रांडों को समय पर एवं सुरक्षित संचार के जरिये ग्राहकों पर गहरी पकड़ बनाने में मदद मिलेगी। उदाहरण के तौर पर अगर कोई ग्राहक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खाने का ऑर्डर देता है और अपने ऑर्डर की स्थिति जानने के लिए डिलीवरी एजेंट को फोन करता है तो यह पूरा संचार एयरटेल आईक्यू पर निर्बाध रूप और सुरक्षित ढंग से संचालित होता दिखाई देगा। यह पूरा संचार कूट भाषा में होगा और सभी मोबाइल/टेलीफोन नंबर ढके होंगे।

## वीडियो एलबम 'बरसु की 18' का विमोचन किया गया



**संवाददाता** देहरादून। दून फिल्म एन्टरटेनमेंट के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित वीडियो एलबम बरसु की 18 का विमोचन किया गया। परेड ग्राउंड स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में दून फिल्म एन्टरटेनमेंट के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित वीडियो एलबम बरसु की 18 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर निर्माता अनुपम आनंद ने कहा है कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर आधारित है और इस वीडियो एलबम में पहाड़ की संस्कृति को दर्शाया गया है और आने वाले समय में ऐसे ही अन्य वीडियो एलबम का निर्माण किया जायेगा।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने डोईवाला में किया प्रदर्शन

### फूंका राज्य व केंद्र सरकार का पुतला

**संवाददाता** डोईवाला। लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोईवाला में प्रदर्शन कर महंगाई पर काबू न कर पाने के लिए भाजपा की राज्य में केंद्र सरकार को दोषी बताते हुए सरकार का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि त्योहार के चलते बाजार में आलू प्याज के दाम जहां आसमान छू रहे हैं तो वही अन्य सब्जियां भी काफी महंगी है तथा अन्य चीजों की महंगाई भी बढ़ रही है लेकिन राज्य व केन्द्र सरकार सबकुछ जानकर भी अनजान बनी हुई है जिसे कांग्रेस बर्दास्त नहीं करेगी। इस अवसर पर महंगाई से परेशान लोगों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने जो किसान बिल हाल ही में पास किया है उसी के कारण यह महंगाई बढ़ रही है लेकिन केंद्र की सरकार सिर्फ लालाओ की जेब भरने का काम कर रही है और गरीब आदमी पर महंगाई की मार पड़ रही है। डोईवाला में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंकते हुए सरकार से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की, प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओ ने कहा कि सरकार की नाकामी के कारण किसान पहले ही बदहाल था लेकिन अब किसान बिल से किसान बर्बादी के कगार पर खड़ा हो गया है।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह बॉबी कादिर, अनिश अहमद, नवीन मिश्रा, पृथ्वी सिंह, अमित मनवाल व कांग्रेसी नेताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शुरू किया दिन रात का धरना

**संवाददाता**

देहरादून। शिक्षा निदेशालय के प्रांगण में आज लगातार 29 वें दिन डायट प्रशिक्षित बेरोजगारों ने अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर डटे रहे अपनी अनदेखी और मांग पर विचार न होते हुए देख यह प्रशिक्षित अब अपने आंदोलन को उग्र स्वरूप देने पर विवश हो गए हैं और अब उन्होंने दिन रात का धरना आरंभ कर दिया है। वहीं प्रशिक्षित क्रमिक अनशन पर रहे।

शिक्षा निदेशालय ननूरखेडा में डीएलएड डाइट प्रशिक्षित आज से धरने का स्वरूप बदल कर दिन रात का धरना आरंभ कर दिया है और अब यह प्रशिक्षित रात भर निदेशालय में डटे रहेंगें।



इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष पवन का कहना है कि लगातार अनदेखी से हम परेशान हो गए हैं और शिक्षा मंत्री शीघ्र नियुक्ति की बात करते हैं और निदेशालय हमें गुमराह करता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 3 दिन में नियुक्ति का वायदा देकर 28 दिन तक डाइट डीएलएड प्रशिक्षकों की नियुक्ति में कोई कार्य अभी तक नहीं किया गया अगर इसी तरह का रवैया हमारी नियुक्ति के लिए अपनाया जाएगा और तो हम इस आंदोलन को अब और उग्र करने पर विवश हो जाएंगे। इस अवसर पर डाइट डीएलएड प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र नैनवाल ने कहा कि हम यहां अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और उस पर भी विभाग विचार करने की जहमत नहीं उठा रहा है जिनको खुद विभाग ने नियुक्ति दी उनके भविष्य के लिए कदम उठाने में हिचकिचाहट क्यों किया जा रहा है और यदि विभाग इसी तरह हमें नियुक्ति देने के लिए आनाकानी करता रहेगा तो हम भी इस आंदोलन को बड़ा स्वरूप देने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर अनेक प्रशिक्षित बेरोजगार शामिल थे।

## शारीरिक दूरी का पालन न करने वालों पर होगी सख्ती

**संवाददाता** कलियर। कलियर में चल रहे सालाना उर्स में पुलिस मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बैठक कर शारीरिक दूरी का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को साबरी गेस्ट हाउस में हुई बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है। मास्क लगाए और दो गज की दूरी के नियम का पालन करें। दुकानदार अतिक्रमण न करें। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दरगाह परिसर में केवल 200 जायरीन को ही जियारत करने की इजाजत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति उर्स में आता है, वह मास्क अनिवार्य रूप से लगाए और सैनिटाइजर साथ में रखे। इस मौके पर मेला प्रभारी अजय कुमार, थानाध्यक्ष जगमोहन रमोला, भूपेन्द्र मेहता, दरगाह प्रबंधक मोहम्मद हारून आदि मौजूद रहे।